BYJU'S EXAM PREP



# साप्ताहिक वन लाइनर्स

## 1-7 September 2022







# साप्ताहिक एक लाइनर अपडेटस

## 1-7 सितंबर 2022

**प्रिय पाठकों,**

यह साप्ताहिक एक लाइनर अपडेट पहले **सप्ताह** (1-7) सितंबर **2022** में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। यह फाइल बैंक, बीमा, एसएससी जैसी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### बैंकिंग एवं वित्तीय जागरूकता

1. भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (AFI) ने देश की महिला एथलीटों के समर्थन हेतु किस बैंक के साथ करार किया ________ **HSBC इंडिया।**

   **नोट:**
   - साझेदारी के अंतर्गत, अंडर-14 तथा अंडर-16 श्रेणियों की राष्ट्रीय अंतर जिला चैंपियनशिप से होनहार महिला एथलीटों का चयन किया जाएगा।
   - चयनित एथलीटों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर शुरू किए जाएंगे तथा उन्हें वैश्विक मंच पर प्रदर्शन के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

2. आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2022 की अप्रैल-जून अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है ________ **13.5%।**

   **नोट:**
   - कारण: कृषि एवं सेवा क्षेत्रों का बेहतर प्रदर्शन।
   - भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था भी बना हुआ है क्योंकि चीन ने अप्रैल-जून 2022 तिमाही में 0.4% की आर्थिक वृद्धि दर्ज की है।
   - राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून 2021-22 में भारतीय अर्थव्यवस्था 20.1% की दर से बढ़ी है।

3. 31 अगस्त 2022 तक के RBI आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2022 में भारत इंक द्वारा कितना प्रत्यक्ष विदेशी निवेश दर्ज किया गया ________ **1.11 बिलियन डॉलर।**

   **नोट:**
   - घरेलू कंपनियों ने जुलाई 2021 में इक्विटी, ऋण तथा प्रत्याभूति निर्गम के रूप में बहिर्गामी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर 2.56 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया था।
   - भारतीय व्यवसायों ने अपने विदेशी उद्यमों को इक्विटी निवेश द्वारा 579.15 मिलियन डॉलर, ऋण के रूप में 193.21 मिलियन डॉलर तथा प्रत्याभूति निर्गम द्वारा 337.49 मिलियन डॉलर का निवेश किया।

4. अलाप्पुझा पांचवां पूर्ण डिजिटल बैंकिंग जिला बन गया, यह कहां स्थित है ________ **केरल।**

   **नोट:**
   - केरल के चार जिले: त्रिशूर, कोट्टायम, पलक्कड़ तथा कासरगोड
   - RBI ने डिजिटल भारत योजना के एक भाग के रूप में राज्य स्तरीय बैंकर समिति तथा संबंधित जिला प्रशासन के सहयोग से यह कार्यक्रम शुरू किया था।

- पहल के एक भाग के रूप में, कम से कम एक डिजिटल लेनदेन सुविधा सक्षम की गई है।

**5.** RBI द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 की पहली तिमाही के दौरान, भारत में आवास मूल्य सूचकांक में वर्ष-दर-वर्ष कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ________ **3.5%।**

**नोट:**

- अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (HPI) केंद्रीय बैंक द्वारा तिमाही रूप से जारी किया जाता है।
- यह सूचकांक देश के 10 प्रमुख शहरों में आवास पंजीकरण प्राधिकरणों से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों पर आधारित है।
- शहर: अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ तथा मुंबई।

**6.** भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारत का सेवा निर्यात वर्ष-दर-वर्ष कितने प्रतिशत बढ़कर जुलाई 2022 में 23.26 बिलियन डॉलर हो गया ________ **20.2%।**

**नोट:**

- हालांकि, 2022 में जुलाई का निर्यात जून की तुलना में 25.29 बिलियन डॉलर कम था।
- जुलाई 2022 के लिए भारत के अंतर्राष्ट्रीय सेवा व्यापार के मासिक आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में आयात 22.3% बढ़कर 13.92 बिलियन डॉलर हो गया।
- अप्रैल-जुलाई 2022-23 के दौरान निर्यात 94.75 बिलियन डॉलर रहा तथा इस अवधि के दौरान कुल आयत 58.94 बिलियन डॉलर रहा।

**7.** वित्त मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सरकार ने अगस्त 2022 के महीने में सकल GST राजस्व के रूप में कितनी धनराशि एकत्र की है ________ **1,43,612 करोड़ रुपये।**

**नोट:**

- CGST 24,710 करोड़ रुपये, SGST 30,951 करोड़ रुपये, IGST 77,782 करोड़ रुपये है।
- इसमें माल के आयात पर संग्रहीत 42,067 करोड़ रुपये तथा 10,168 करोड़ रुपये का उपकर (माल के आयात पर संग्रहीत 1,018 करोड़ रुपये सहित) शामिल है।
- अगस्त 2022 महीने का राजस्व, 2021 में इसी महीने के GST राजस्व 1,12,020 करोड़ रुपये से 28% अधिक है।

**8.** किस संगठन ने ऑनलाइन लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए कैशबैक केंद्रित क्रेडिट कार्ड 'कैशबैक SBI कार्ड' लॉन्च किया ________ **SBI कार्ड।**

**नोट:**

- टियर-2 तथा टियर 3 शहरों सहित देश भर के उपभोक्ता डिजिटल एप्लिकेशन प्लेटफॉर्म 'SBI कार्ड स्प्रिंट' पर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- कैशबैक SBI कार्ड के ग्राहक सभी खर्चों पर असीमित 1% कैशबैक प्राप्त करेंगे, कैशबैक प्रति मासिक विवरण अवधि में अधिकतम 10,000 रुपये तक के सभी ऑनलाइन खर्चों पर 5% तक बढ़ेगा।

**9.** किस वित्तीय सेवा कंपनी ने भारत-नेपाल कॉरिडोर के बीच अपनी धन प्रेषण सेवाओं का विस्तार करने के लिए IME इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की _________ **मुथूट फिनकॉर्प।**

**नोट:**

- मुथूट धन प्रेषण में अपने मौजूदा साझेदार (प्रभु मनी ट्रांसफर प्राइवेट लिमिटेड) के माध्यम से भारत में नेपाली समुदाय की सहायता कर रहा है।
- अब, मुथूट भारत में आवासित अधिकतम नेपाली प्रवासियों की सहायता कर पाएगा।

- IDFC फर्स्ट बैंक, भारत और ग्लोबल IME बैंक लिमिटेड, नेपाल भारत-नेपाल धन प्रेषण सेवा के लिए बैंकिंग साझेदार हैं।

**10.** भारत में आपूर्ति श्रृंखला वित्त (SCF) समाधान को समर्थन प्रदान करने तथा बढ़ावा देने के लिए किस प्राइवेट बैंक ने एशियाई विकास बैंक (ADB) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए ________ **इंडसइंड बैंक।**

**नोट:**

- इंडसइंड बैंक ADB के साथ 70 मिलियन अमेरिकी डॉलर (560.0 करोड़ रुपये) के प्रारंभिक खर्च के साथ आंशिक गारंटी योजना में शामिल हुआ।
- उद्देश्य: MSME वित्तपोषण में इंडसइंड बैंक की मौजूदगी बढ़ाना।
- यह साझेदारी इस कार्यक्षेत्र में बैंक की विभिन्न पहलों को मजबूत करेगी।

**11.** किस वितीय समाधान संगठन ने भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) तथा जापान की JCB इंटरनेशनल कंपनी लिमिटेड के सहयोग से क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने के लिए स्नैपडील के साथ समझौता किया _________ **BOB फाइनेंशियल सॉल्यूशंस लिमिटेड।**

**नोट:**

- यह को-ब्रांडेड कॉन्टेक्टलेस क्रेडिट कार्ड है।
- उपयोगकर्ता को स्नैपडील ऐप तथा वेबसाइट पर 5% तक असीमित कैशबैक (प्रत्येक 100 रुपये खर्च करने पर 20 रिवॉर्ड पॉइंट) प्राप्त होगा।
- यह ऑनलाइन खर्च किए गए 100 रुपये पर 10 रिवॉर्ड पॉइंट देता है।

**12.** किस संगठन ने डिजिटल ऋण संबंधी नए दिशानिर्देश जारी किए हैं ________ **RBI।**

**नोट:**

- केंद्रीय बैंक ने यह सुनिश्चित करने हेतु कि 'मौजूदा डिजिटल ऋण' नए ऋण दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हैं, पर्याप्त प्रणाली तथा प्रक्रियाएं लागू करने के लिए विनियमित संस्थाओं (RE) को 30 नवंबर तक का समय दिया है।
- नए मानदंड 'नए ऋण लेने वाले मौजूदा ग्राहकों' और 'नए ग्राहकों' दोनों पर लागू होते हैं।
- ये 1 सितंबर, 2022 से प्रभावी हो गए हैं।

**13.** भारतीय स्टेट बैंक (SBI) के अनुसार, वित्त वर्ष 2023 के लिए भारत की GDP विकास दर का पूर्वानुमान क्या होगा _________ **6.8%।**

**नोट:**

- पहले विकास दर पूर्वानुमान 7.5% था।
- कारण: GDP पूर्वानुमान को कम करने का कारण सांख्यिकीय समायोजन
- SBI द्वारा संशोधित GDP पूर्वानुमान राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) के 2022-23 की अप्रैल-जून तिमाही (Q1) के आंकड़ों के बाद आया है, जिसमें अर्थव्यवस्था ने 13.5% की वृद्धि दिखाई है (FY22 की Q1 में 20.1% से कम)।

**14.** RBI के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 26 अगस्त, 2022 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर कितना हो गया ________ **561 बिलियन डॉलर।**

**नोट:**

- भारत के FER में हाल के महीनों में तेज गिरावट आई है क्योंकि RBI रुपये को बचाने के लिए मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप कर रहा है।

- 26 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 271 मिलियन डॉलर घटकर 39.643 बिलियन डॉलर रह गया।
- IMF के पास भारत के SDR का मूल्य भी 155 मिलियन डॉलर घटकर 17.832 बिलियन डॉलर हो गया।

**15.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने अपनी साइबर सुरक्षा समिति का पुनर्गठन किया है जो साइबर अटैक से पूंजी बाजार की सुरक्षा से संबंधित उपायों की सिफारिश करती है, समिति के अध्यक्ष हैं _________ **नवीन कुमार सिंह।**

**नोट:**

- पहले, समिति में केवल चार सदस्य थे लेकिन अब इसमें छह सदस्य हैं।
- अन्य सदस्य: संजय बहल, एच. कृष्णमूर्ति, संदीप शुक्ला और देबदीप मुखोपाध्याय, सुगत गंगोपाध्याय

**16.** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने KCC ऋणदान प्रक्रिया के पूर्ण डिजिटलीकरण हेतु एक प्रायोगिक परियोजना शुरू की। KCC का पूरा नाम क्या है ________ **किसान क्रेडिट कार्ड।**

**नोट:**

- योजना केंद्रीय बैंक तथा इसकी सहायक कंपनी रिजर्व बैंक इनोवेशन हब (RBIH) द्वारा तैयार की गई है।
- उद्देश्य: इसे अधिक कुशल बनाना तथा ऋणग्राहियों के लिए लागत कम करना।
- प्रायोगिक परियोजना के राज्य: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया तथा फेडरल बैंक के साथ क्रमश: मध्य प्रदेश तथा तमिलनाडु।

**17.** भारतीय स्टेट बैंक (आर्थिक अनुसंधान विभाग) की रिपोर्ट के अनुसार, किस वर्ष तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा ________ **2029।**

**नोट:**

- भारत वर्तमान विकास दर पर 2027 में जर्मनी से और संभवत: 2029 तक जापान से आगे निकल जाएगा।
- देश 2014 के बाद से एक बड़े संरचनात्मक बदलाव से गुजरा है और अब यूनाइटेड किंगडम को पछाड़कर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।
- रिपोर्ट SBI के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने तैयार की है।

**18.** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने पेयू (प्रोसस समर्थित) तथा किस ऑनलाइन भुगतान कंपनी के बीच 4.7 बिलियन डॉलर के अधिग्रहण समझौते को मंजूरी दी________ **बिल डेस्क (BillDesk)।**

**नोट:**

- आयोग ने पेयू पेमेंट्स द्वारा http://IndiaIdeas.com (बिलडेस्क) की 100% इक्विटी शेयर पूंजी के अधिग्रहण को मंजूरी दी।
- वर्ष 2018 में वॉलमार्ट द्वारा ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट का 16 बिलियन डॉलर में अधिग्रहण किए जाने के बाद पेयू-बिलडेस्क समझौते को भारतीय इंटरनेट क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी खरीद बताया गया है।

**19.** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक दिसंबर 2022 तक विभिन्न राज्यों के बैंक रहित क्षेत्रों में कितनी पारंपरिक रूप से संचालित शाखाएं खोलेंगे __________ **300।**

**नोट:**

- उद्देश्य: शेष सभी बैंक रहित गांवों तक पहुंच कायम करना।
- शाखाएं: राजस्थान (95), उसके बाद मध्य प्रदेश (54), गुजरात (38), महाराष्ट्र (33), झारखंड (32) और उत्तर प्रदेश (31)।

- बैंकों को संबंधित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (SLBC) द्वारा दिसंबर 2022 तक आवंटित स्थानों पर शाखाएं खोलने को कहा गया है।

**20.** इप्पोपे ने एक गोपनीय राशि में किस AI-आधारित जोखिम प्रबंधन कंपनी का अधिग्रहण किया__________ **ट्यूटेलर।**

**नोट:**

- इप्पोपे चेन्नई स्थित एक पेमेंट गेटवे फर्म है, जो कॉइनबेस ग्लोबल, बेटर कैपिटल और ब्लूम फाउंडर्स फंड द्वारा समर्थित है।
- ट्यूटेलर के साथ आने से इप्पोपे भुगतान क्षेत्र में धोखाधड़ी के खिलाफ संघर्ष में एक महत्वपूर्ण घटक बन गया है।

## श्रद्धांजलियां

**1.** सोवियत के पूर्व नेता मिखाइल गोर्बाचेव का निधन हो गया, उन्हें किस वर्ष नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था______ **1990।**

**नोट:**

- उन्होंने 1985 में सोवियत कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव और देश के वास्तविक नेता के रूप में कार्य किया।
- वह सत्तारूढ़ परिषद 'पोलित ब्यूरो' के सबसे युवा सदस्य थे।

**2.** साइरस मिस्त्री, जिनका हाल ही में निधन हो गया, किस कंपनी के पूर्व अध्यक्ष थे_________ **टाटा संस।**

**नोट:**

- उन्होंने 2012 में टाटा ग्रुप के चेयरमैन के रूप में कार्य किया था, उन्होंने रतन टाटा की जगह ली थी।
- वह टाटा ग्रुप के छठे चेयरमैन तथा बिना टाटा उपनाम वाले दूसरे चेयरमैन थे।
- वे 2006 में टाटा संस के बोर्ड में निदेशक के रूप में शामिल हुए।

**3.** टी.वी. शंकरनारायण, जिनका हाल ही में निधन हो गया है, एक प्रसिद्ध थे __________ **कर्नाटक संगीतकार।**

**नोट:**

- वह कर्नाटक संगीत की मदुरै मणि अय्यर शैली के पथप्रदर्शक थे।
- उन्होंने मदुराई मणि अय्यर के साथ कई मंच साझा किए थे।
- उन्होंने 2003 में मद्रास संगीत अकादमी का संगीत कलानिधि पुरस्कार जीता और 2003 में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

## महत्वपूर्ण दिवस

**1.** भारत में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय पोषण सप्ताह किस तारीख को मनाया जाता है _________ **1 सितंबर से 7 सितंबर तक।**

**नोट:**

- उद्देश्य: भारतीय व्यंजनों के विभिन्न स्वादों का आनंद उठाते हुए लोगों को भोजन में पर्याप्त पोषण के बारे में जागरूक करना।
- राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 2022 का विषय 'Celebrate a World of Flavours'

**2.** हमारे दैनिक जीवन में नारियल के महत्व तथा स्वास्थ्य के प्रति इनके लाभों पर विशेष ध्यान देने के लिए विश्व नारियल दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ________ **2 सितंबर।**

**नोट:**

- विषय 2022: Growing coconut for a better future and life
- शीर्ष नारियल निर्यातक: इंडोनेशिया, भारत, फिलीपींस, ब्राजील और श्रीलंका।

**3.** अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी दिवस कब मनाया जाता है__________ **5 सितंबर।**

**नोट:**

- यह दिवस मनाने के लिए 5 सितंबर का दिन मदर टेरेसा की पुण्यतिथि के चलते चुना गया है।
- मदर टेरेसा को 1979 में "निर्धनता तथा विपत्तियों, जो शांति के लिए भी खतरा हैं, पर काबू पाने के लिए संघर्ष में किए गए कार्य हेतु नोबेल शांति पुरस्कार मिला।"

**4.** देश के पहले उप-राष्ट्रपति तथा भारत के दूसरे राष्ट्रपति, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस किस तारीख को मनाया जाता है__________ **5 सितंबर।**

**नोट:**

- उनका जन्म 5 सितंबर 1888 को हुआ था।
- भारत में पहला शिक्षक दिवस 1962 में मनाया गया था।

**5.** कौन सा मंत्रालय 1 सितंबर से 30 सितंबर तक देश भर में 5वां राष्ट्रीय पोषण माह 2022 मना रहा है __________ **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय।**

**नोट:**

- राष्ट्रीय पोषण माह पोषण एवं अच्छे स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है।
- पोषण माह 2022 का मुख्य विषय "महिला और स्वास्थ्य" और "बच्चा और शिक्षा" है।

**6.** स्वास्थ्य के लिए स्वच्छ वायु के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 7 सितंबर को मनाए जाने वाले इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काईज़ 2022 का विषय क्या है __________ **The Air We Share।**

**नोट:**

- 26 नवंबर, 2019 को, UNGA के 74वें सत्र की दूसरी समिति ने 7 सितंबर को "इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काईज़" के रूप में निर्दिष्ट करने के लिए एक प्रस्ताव अंगीकृत किया।
- यह दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा सदस्य राष्ट्रों के साथ शिखर सम्मेलन आयोजित करके मनाया जाता है।

## नई नियुक्तियां

**1.** ONGC ने 1 सितंबर, 2022 से 31 दिसंबर, 2022 तक किन्हें 4 महीने की अवधि के लिए अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया _________ **राजेश कुमार श्रीवास्तव।**

**नोट:**

- वह ONGC बोर्ड में सबसे वरिष्ठ निदेशक हैं।
- वर्तमान कार्यकारी प्रमुख अल्का मित्तल के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

**2.** थाईलैंड में भारत का अगला राजदूत किन्हें नियुक्त किया गया ________ **नागेश सिंह।**

**नोट:**

- वे वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं।

- वह राजदूत, सुचित्रा दुरई की जगह लेंगे और उनके शीघ्र ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है।
- नागेश सिंह भारतीय विदेश सेवा (IFS) के 1995 बैच के अधिकारी हैं, जो अटलांटा में भारत के महावाणिज्य दूत रह चुके हैं।

**3.** स्टारबक्स ने किन्हें अगला मुख्य कार्यकारी अधिकारी और स्टारबक्स के निदेशक मंडल का सदस्य नियुक्त किया _________ **लक्ष्मण नरसिम्हन।**

**नोट:**

- CEO का पद संभालने से पहले वह अंतरिम CEO, हॉवर्ड शुल्ज़ के साथ मिलकर काम करेंगे।
- हॉवर्ड शुल्ज़ 1 अप्रैल, 2023 तक अंतरिम CEO बने रहेंगे।

**4.** भारत की राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) का नया कार्यकारी अध्यक्ष किन्हें नियुक्त किया _________ **न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़।**

**नोट:**

- उन्होंने न्यायमूर्ति यू.यू. ललित की जगह ली, जिन्हें भारत के 49वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था।
- वह इलाहाबाद HC के पूर्व मुख्य न्यायाधीश तथा बॉम्बे HC के पूर्व न्यायाधीश थे।
- NALSA का गठन कमजोर वर्गों को नि:शुल्क विधिक सेवाएं प्रदान करने हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया।

**5.** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) का अध्यक्ष किन्हें चुना गया _________ **कल्याण चौबे।**

**नोट:**

- उन्होंने भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान बाईचुंग भूटिया को 33-1 से हराया।
- संघ के 85 वर्ष के इतिहास में, यह पहली बार था जब किसी पूर्व खिलाड़ी को अध्यक्ष चुना गया।

**6.** GAIL के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार किन्हें सौंपा गया _________ **एम.वी. अय्यर।**

**नोट:**

- उन्होंने वर्तमान CMD, मनोज जैन की जगह ली है, जो 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हुए थे।
- उन्हें इस पद पर 1 सितंबर, 2022 से तीन महीने की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, नियुक्त किया गया है।

**7.** 1 सितंबर 2022 से तीन महीने के लिए NHPC का अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक किन्हें नियुक्त किया गया _________ **यमुना कुमार चौबे।**

**नोट:**

- उन्होंने अभय कुमार सिंह की जगह ली, जो 31 अगस्त, 2022 को सेवानिवृत्त हुए थे।
- वह IIT, खड़गपुर से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं।
- उन्होंने 1985 में 540 मेगावाट चमेरा हाइड्रो-इलेक्ट्रिक परियोजना, अब चमेरा-I पावर स्टेशन, हिमाचल प्रदेश में एक परिवीक्षाधीन कार्यकारी (सिविल) के रूप में NHPC लिमिटेड में पदभार ग्रहण किया।

**8.** कंजर्वेटिव पार्टी की नेता, लिज़ ट्रस को किस देश की 56वीं प्रधान मंत्री के चुना गया _________ **यूनाइटेड किंगडम।**

**नोट:**

- उन्होंने वर्तमान प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन की जगह ली, जो क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय को अपना इस्तीफा सौंपेंगे।
- वह 2021 से विदेश सचिव के रूप में कार्यरत हैं।

- उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी ऋषि सुनक को 57 प्रतिशत मतों से हराया।
- वह देश का नेतृत्व करने वाली तीसरी महिला प्रधानमंत्री होंगी।

**9.** तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 4 सितंबर 2022 से 3 वर्ष की अवधि के लिए प्रबंध निदेशक तथा CEO के रूप में किन-की नियुक्ति को मंजूरी दी__________ **कृष्णन शंकरसुब्रमण्यम।**

**नोट:**

- उन्होंने वर्तमान MD एवं CEO, के.वी. राम मूर्ति की जगह ली, जिनका कार्यकाल 3 सितंबर 2022 को समाप्त हो गया था।
- इससे पहले, वह 4 सितंबर 2020 से 31 मई 2022 तक पंजाब एंड सिंध बैंक के MD तथा CEO थे।

**10.** 3 सितंबर, 2022 को शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (SCI) के अध्यक्ष और MD का पदभार किसने ग्रहण किया _________ **कैप्टन बी. के. त्यागी।**

**नोट:**

- इससे पहले, वह निदेशक थे, जो SCI में लाइनर तथा यात्री सेवा प्रभाग संभाल रहे थे।
- उन्होंने एक प्रशिक्षु समुद्री अधिकारी के रूप में अपना करियर शुरू किया और 1990 में SCI में मास्टर सहित विभिन्न रैंकों में विभिन्न जहाजों पर सवार हुए।
- SCI पत्तन, पोतपरिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय (MoPSW) के तहत एक नवरत्न CPSE है।

**11.** कनाडा में भारत का अगले उच्चायुक्त किन्हें नियुक्त किया गया ________ **संजय कुमार वर्मा।**

**नोट:**

- वह भारतीय विदेश सेवा के 1988 बैच के अधिकारी हैं और वर्तमान में जापान में भारत के राजदूत हैं।
- उन्होंने हांगकांग, चीन, वियतनाम और तुर्की में भारतीय मिशनों में कार्य किया है।
- उन्होंने मिलान, इटली में भारत के महावाणिज्य दूत के रूप में भी कार्य किया है।
- जबकि अमित कुमार, जो वर्तमान में शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूत हैं, को कोरिया गणराज्य का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है।

**12.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 13 सितंबर, 2022 से कार्य करने के लिए किन्हें मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया __________ **न्यायमूर्ति एम. दुरईस्वामी।**

**नोट:**

- इससे पहले, वह मद्रास उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश थे।
- उन्होंने मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मुनीश्वरनाथ भंडारी की जगह ली।
- 1987 में वह तमिलनाडु और पुडुचेरी बार काउंसिल में एक वकील के रूप में पंजीकृत हुए।

## महत्वपूर्ण समाचार - भारत

**1.** मध्य रेलवे ने किस राज्य में छह रेलवे स्टेशनों में एटमॉस्फेरिक वाटर जेनरेटर (AWG), मेघदूत लगाया __________ **मुंबई, महाराष्ट्र।**

**नोट:**

- इसकी मदद से मशीन सीधे हवा से पानी निकाल सकती है और यात्री 12 रुपये/लीटर तथा 8 रुपये प्रति 500 मिली में अपनी बोतल भर सकते हैं।

➢ रेलवे छह बड़े स्टेशनों पर 17 कियोस्क पहले ही लगा चुका है, जिसमें CSMT तथा दादर प्रत्येक में पांच, ठाणे में चार तथा कुर्ला, घाटकोपर और विक्रोली में एक-एक कियोस्क लगे हैं।

**2.** सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के आंकड़ों के अनुसार, रोजगार क्रमिक रूप से 2 मिलियन गिरकर 394.6 मिलियन होने के कारण भारत की बेरोजगारी दर अगस्त 2022 में एक वर्ष के किस उच्च स्तर पर पहुंच गई ________ **8.3%।**

**नोट:**

➢ अगस्त में, शहरी बेरोजगारी दर बढ़कर 9.6% तथा ग्रामीण बेरोजगारी दर भी बढ़कर 7.7% हो गई।

➢ जुलाई 2022 में बेरोजगारी दर 6.8% तथा रोजगार 397 मिलियन था।

➢ अगस्त में हरियाणा में बेरोजगारी सर्वाधिक (37.3%) थी।

**3.** बोइंग की रिपोर्ट के अनुसार, किस वर्ष तक भारत के हवाई यातायात में औसतन 7% वार्षिक की वृद्धि होगी _________ **2040।**

**नोट:**

➢ जहां भारत का हवाई यातायात 2040 तक 6.9% बढ़ेगा, वहीं दक्षिण-पूर्व एशियाई बाजार 5.5% की औसत वार्षिक दर से बढ़ेगा।

➢ चीनी, अफ्रीकी तथा लैटिन अमेरिकी बाजार 2040 तक क्रमशः 5.4%, 5.4% तथा 4.8% की औसत वार्षिक दर से बढ़ेगा।

**4.** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए भारत की पहली स्वदेश विकसित क्वाड्रिवेलेंट ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) वैक्सीन लॉन्च की। वैक्सीन का नाम क्या है _________ **CERVAVAC।**

**नोट:**

➢ DCGI ने सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ स्वदेश विकसित वैक्सीन के निर्माण हेतु सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया को बाजार प्राधिकरण प्रदान किया था।

➢ भारत में सर्वाइकल कैंसर 15 से 44 वर्ष की आयु की महिलाओं में दूसरा सर्वाधिक पाया जाने वाला कैंसर है।

**5.** मंत्रिमंडल ने सितंबर 2022 में वन, जैव विविधता संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में समन्वय तथा सहयोग को मजबूत करने एवं बढ़ाने के लिए जैव विविधता संरक्षण पर किसके साथ एक MoU को मंजूरी दी _______**नेपाल।**

**नोट:**

➢ इस MoU का उद्देश्य दोनों देशों के बीच गलियारों तथा अंत:संबंधन क्षेत्रों का जीर्णोद्धार और ज्ञान एवं सर्वोत्तम क्रियाकलापों का साझाकरण भी है।

**6.** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने देश भर में डिजिटल रचनात्मकता कौशल बढ़ाने के लिए किस सॉफ्टवेयर संगठन के साथ साझेदारी की _________ **एडोब।**

**नोट:**

➢ समझौते के अनुसार, एडोब विद्यार्थियों को आवश्यक रचनात्मक एवं डिजिटल साक्षरता कौशल सक्षम बनाने हेतु शिक्षकों का कौशल बढ़ाने के लिए उन्हें कोर्स एवं विशेषज्ञता प्रदान करेगा, और पाठ्यक्रम में डिजिटल रचनात्मकता को जोड़ेगा।

➢ उद्देश्य: 2024 तक उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों को आवश्यक डिजिटल रचनात्मकता कौशल से सशक्त बनाना।

**7.** किस संगठन ने भारतीय बाजार में उन्नत, उच्च ऊर्जा युक्त स्कैनिंग प्रणाली पेश करने के लिए स्मिथ्स डिटेक्शन के साथ एक MoU पर हस्ताक्षर किए ________ **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)।**

**नोट:**

- MoU भारत की घरेलू सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु दोनों फर्मों की उच्च, तकनीकी क्षमताओं का लाभ उठाएगा।
- भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' पहल के अनुरूप MoU पर हस्ताक्षर किए गए थे।

**8.** अहमदाबाद, गुजरात में छठी ऑल इंडिया प्रिज़न ड्यूटी मीट का उद्घाटन किसने किया ________ गृह मंत्री, **अमित शाह।**

**नोट:**

- यह पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो द्वारा आयोजित एक द्विवार्षिक कार्यक्रम है।
- इस कार्यक्रम में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तथा गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी शामिल हुए।
- AIPDM पिछली बार 2007 में अहमदाबाद में आयोजित हुई थी, यह अब तक की दूसरी बैठक थी।
- वह ट्रांसस्टेडिया, कांकरिया में 11वें खेल महाकुंभ के समापन समारोह में भी शामिल हुए।

**9.** "वर्ल्ड हेल्थ समिट फॉर प्राइड ऑफ होम्योपैथी" का पहला संस्करण "डिसीज़ कॉज बाय क्लाइमेड चेंज एंड ग्लोबल वार्मिंग" के साथ किस देश में आयोजित किया गया______ **दुबई, UAE।**

**नोट:**

- उद्देश्य: चिकित्सा, दवाओं तथा अभ्यासों की एक होम्योपैथिक प्रणाली को शिक्षित करना और बढ़ावा देना।
- शिखर सम्मेलन का आयोजन बर्नेट होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया था।
- बर्नेट होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड होम्योपैथिक तनुकरण, मूल टिंचर, लोअर ट्रिट्यूरेशन टैबलेट और विभिन्न होम्योपैथिक दवाओं से संबंधित है।

**10.** इटली के मिलान में आयोजित गैस्टेक मिलान-2022 में कौन शामिल हुए _________ **हरदीप सिंह पुरी (पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री)।**

**नोट:**

- मंत्री "इंडिया स्पॉटलाइट: पावरिंग इंडियाज एनर्जी इंडस्ट्री - न्यू एवेन्यूज़ फॉर ए सस्टेनबल फ्यूचर" समिति परिचर्चा की अध्यक्षता करेंगे।
- वह मिस्र के पेट्रोलियम एवं खनिज संसाधन मंत्री और पुर्तगाल के ऊर्जा राज्य सचिव के साथ उद्घाटन समारोह की विशिष्ट मंत्रिस्तरीय समिति में भी भाग लेंगे।

**11.** केंद्र ने राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक फैले राजपथ और सेंटर विस्टा लॉन का नाम बदलकर क्या करने का फैसला किया_______ **कार्तव्य पथ।**

**नोट:**

- प्रधान मंत्री मोदी, 8 सितंबर, 2022 को पूरे खंड का उद्घाटन करेंगे, जिसे सरकार की महत्वाकांक्षी सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के अंतर्गत दोबारा बनाया है।
- नई दिल्ली नगर परिषद (NDMC) ने 7 सितंबर को एक विशेष बैठक बुलाई है और प्रस्ताव उसके सामने रखा जाएगा।
- ब्रिटिश शासन के दौरान राजपथ को 'किंग्सवे' नाम से जाना जाता था।

**12.** अगस्त 2022 की रैंकिंग में राष्ट्र द्वारा संचालित किस संगठन ने सभी मंत्रालयों/विभागों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया _________ **भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI)।**

नोट:

- रिपोर्ट के प्रकाशक: प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग
- UIDAI केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली के माध्यम से प्राप्त मामलों के समाधान में शीर्ष प्रदर्शनकर्ता रहा है।
- इसका मजबूत शिकायत निवारण तंत्र 7 दिनों के अंदर लगभग 92% CRM शिकायतों का समाधान करने में सक्षम है।

**13.** भारत का विदेशी ऋण 573 बिलियन अमेरिकी डॉलर (मार्च 2021) से कितने प्रतिशत बढ़कर 620 बिलियन अमेरिकी डॉलर (मार्च 2022) हो गया________ **8.2%।**

**नोट:**

- रिपोर्ट का शीर्षक: 28वां संस्करण, स्टेटस रिपोर्ट ऑन इंडियाज़ एक्सटर्नल डेब्ट 2021-22
- जारीकर्ता: आर्थिक मामलों के विभाग
- GDP के अनुपात के रूप में विदेशी ऋण 21.2% (2021) से मामूली रूप से गिरकर 19.9% (2022) हो गया।
- वाणिज्यिक उधार, NRI जमा, अल्पकालिक व्यापार ऋण तथा बहुपक्षीय ऋण संयुक्त रूप से कुल विदेशी ऋण के 90% हैं।

**14.** प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (PM-SHRI) योजना के अंतर्गत देश भर में कितने स्कूल विकसित और अद्यतित किए जाएंगे__________ **14,500।**

**नोट:**

- ये PM-SHRI स्कूल मॉडल स्कूल बनेंगे जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) की पूर्ण भावना का सार प्रस्तुत करेंगे।
- ये स्कूल नवीनतम तकनीक, स्मार्ट क्लासरूम, खेल इत्यादि आधुनिक बुनियादी ढांचा प्रदान करेंगे।

**15.** ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) से किस संगठन को अपनी इंट्रानेज़ल कोविड-19 वैक्सीन iNCOVACC (BBV154) के लिए औपचारिक मंजूरी मिली__________ **भारत बायोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड (BBIL)।**

**नोट:**

- कोवैक्सिन के बाद मंजूरी प्राप्त करने वाली यह भारत बायोटेक की दूसरी कोरोना वायरस वैक्सीन है।
- iNCOVACC एक संलयन से पूर्व स्थिरीकृत स्पाइक प्रोटीन के साथ एक पुनर्योगज प्रतिकृतियन हीन एडेनोवायरस वेक्टर्ड वैक्सीन है।
- यह नेज़ल वैक्सीन iNCOVACC सहज भंडारण एवं वितरण के लिए 2-8°C पर संतुलित है।

## महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

**1.** किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश ने भारत का पहला वर्चुअल स्कूल लॉन्च किया_________ **दिल्ली।**

**नोट:**

- स्कूल कक्षा IX से XII के लिए होगा तथा दिल्ली स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध होगा।
- यह प्लेटफॉर्म दो विश्व स्तरीय मान्यता प्राप्त संगठनों, गूगल तथा स्कूलनेट इंडिया द्वारा बनाया गया था।
- वर्चुअल स्कूल के शिक्षकों को ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है।

**2.** किस राज्य ने व्यवसाय करने वाली महिलाओं के लिए आसान ऋण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ऋण योजना 'महिला निधि' शुरू की __________ **राजस्थान।**

**नोट:**

- इस योजना का उद्देश्य ऋण के माध्यम से महिलाओं का सामाजिक तथा आर्थिक विकास भी है।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट 2022-23 में राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद के माध्यम से 'महिला निधि' योजना की घोषणा की है।
- यह योजना 48 घंटों के भीतर 40,000 रुपये तक और 15 दिनों के भीतर 40,000 रुपये से अधिक के ऋण प्रदान करेगी।

**3.** किस राज्य ने "रूरल बैकयार्ड पिग्गरी स्कीम" शुरू की, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसान विभिन्न पशुधन कृषि गतिविधियों के माध्यम से एक स्थायी आजीविका अर्जित करें ________ **मेघालय।**

**नोट:**

- इस योजना के प्रथम चरण के अंतर्गत, सरकार ने 15.18 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं, जिसके तहत 6000 परिवारों को अधिक उपज देने वाली चार उन्नत किस्में वितरित की जाएंगी।
- योजना के द्वितीय चरण के लिए अतिरिक्त 25 करोड़ रुपये निर्धारित किए जाएंगे।

**4.** कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) ने किस देश में मणिपुर के अनानास का इन-स्टोर एक्सपोर्ट प्रमोशन शो आयोजित किया ________ **दुबई, UAE।**

**नोट:**

- उद्देश्य: अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में स्थानीय तौर पर उत्पादित कृषि उपजों को बढ़ावा देना।
- मणिपुर ऑर्गेनिक मिशन एजेंसी (MOMA) ने अनानास की जैविक खाद प्रमाणित केव किस्म के उद्गम स्थान में सहयोग किया है।
- भारतीय अनानास के शीर्ष पांच आयातक देश: UAE, नेपाल, कतर, मालदीव, अमेरिका

**5.** एक ग्लोबल स्टार्टअप चैलेंज 'वेंचराइज' (VentuRISE) किस राज्य सरकार ने शुरू किया _______ **कर्नाटक सरकार।**

**नोट:**

- उद्देश्य: विनिर्माण तथा संधारणीयता से संबंधित क्षेत्रों में संवृद्धि चरण के स्टार्टअप की सहायता करना।
- वेंचराइज, एक ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट - इन्वेस्ट कर्नाटक 2022 का एक भाग होगा जो 2 से 4 नवंबर तक बेंगलुरु में आयोजित होगी।
- नकद पुरस्कार: 100,000 डॉलर
- ग्लोबल चैलेंज उद्यमियों को अपने अभिनव उत्पादों या समाधानों का प्रदर्शन करने तथा संभावित निवेशकों से जुड़ने में मदद करेगा।

**6.** किस अभिनेता को कर्नाटक सरकार की योजना 'पुण्यकोटि दत्तू योजना' का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया, जो एक मवेशी दत्तक ग्रहण योजना है________ **कन्नड़ अभिनेता, सुदीप।**

**नोट:**

- योजना का उद्देश्य: 'गोशालाओं' (गाय आश्रय स्थलों) में पशुओं के पालन-पोषण के उद्देश्य से जनता द्वारा दत्तक ग्रहण को प्रोत्साहित करना।
- अभिनेता ने योजना का एंबेसडर बनाए जाने के लिए शुल्क नहीं लेने का फैसला किया है।
- योजना जुलाई में शुरू की गई थी और कोई भी व्यक्ति या संगठन एक वर्ष के लिए कुल 11,000 रुपये का भुगतान करके गाय को गोद ले सकता है।

**7.** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के किस जिले के रूप में मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी का उद्घाटन किया________ **29वें जिला।**

**नोट:**

- इसे राजनंदगांव जिले से अलग करके बनाया गया है।
- राजनंदगांव जिला एक विशाल क्षेत्र था और लोग अपना पूरा दिन मुख्यालय तक पहुंच में लगा देते थे।
- नया जिला बनने के साथ इसे घटाकर 70 किलोमीटर कर दिया गया है।
- वह राज्य के 30वें और 31वें जिलों के रूप में सारंगढ़-बिलाईगढ़ और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई का उद्घाटन करेंगे।

**8.** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले का कौन सा गांव हर घर में आरओ का पानी उपलब्ध कराने वाला राज्य का पहला गांव बन गया __________ **भरतौल गांव।**

**नोट:**

- यह उपलब्धि आदर्श ग्राम पंचायत पहल के अंतर्गत आती है।
- सभी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अब तक गांव में चार आरओ संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं।
- यह लोगों को जल जनित बीमारियों से बचाएगा।
- ग्राम प्रधान प्रवेश कुमारी प्रभारी हैं और गांव में आरओ संयंत्रों की देखभाल कर रही हैं।

**9.** किस राज्य ने राज्य की छात्राओं के लिए 'पुधुमई पेन' (आधुनिक महिला) योजना शुरू की_________ **तमिलनाडु।**

**नोट:**

- इस योजना के अंतर्गत, सरकारी स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक पढ़ने वाली सभी छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रति माह 1,000 रुपये मिलेंगे।
- धनराशि सीधे छात्रों के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी।
- उद्देश्य: बाल विवाह को कम करना और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना।
- सरकार ने 26 उत्कृष्टता स्कूल और 15 मॉडल स्कूल भी लॉन्च किए हैं।

**10.** किस राज्य के शिक्षा विभाग ने सभी प्रशासनिक तथा शैक्षणिक अपडेट प्रदान करने के उद्देश्य से एक ई-गवर्नेंस पोर्टल "समर्थ" लॉन्च किया _________ **उत्तराखंड।**

**नोट:**

- इसमें पांच राज्य विश्वविद्यालयों और पब्लिक स्कूलों में प्रवेश परीक्षा, वेतन संरचना, नियुक्तियों से संबंधित जानकारी है।
- उद्देश्य: राज्य में शिक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाना।
- विज्ञान विषयों के लगभग 200 सहायक प्रोफेसरों को विशेष प्रशिक्षण के लिए IISc, बेंगलुरु भेजा जाएगा।

## महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

**1.** किस देश को पछाड़कर भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना _________ **यूनाइटेड किंगडम।**

**नोट:**

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के पूर्वानुमान के अनुसार, भारत वार्षिक आधार पर इस वर्ष यूके से आगे निकल गया है।
- शीर्ष चार: अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी।
- गणना अमेरिकी डॉलर पर आधारित है और भारत ने पहली तिमाही में अपनी बढ़त विस्तारित की है।
- इसके विपरीत, भारतीय अर्थव्यवस्था के 2022-23 में 7% से अधिक दर से बढ़ने का अनुमान है।

**2.** किस देश के डेटा संरक्षण आयोग (DPC) ने बच्चों की जानकारी के प्रबंधन से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने के लिए इंस्टाग्राम पर 402 मिलियन अमेरिकी डॉलर (405 मिलियन यूरो) का जुर्माना लगाया ________ **आयरलैंड।**

**नोट:**

- DPC ने 2020 के अंत में जांच आरंभ की थी।
- कारण: इंस्टाग्राम प्लेटफॉर्म बच्चों की व्यक्तिगत जानकारी का प्रबंधन कैसे करता है।
- निष्कर्ष: प्लेटफॉर्म ने एक उपयोगकर्ता पंजीकरण प्रणाली संचालित की थी जिसके अंतर्गत 13-17 वर्ष के उपयोगकर्ताओं के खातों को चूकवश "सार्वजनिक" कर दिया गया था।

## सम्मान एवं पुरस्कार

**1.** उन हस्तियों का नाम बताइए जिन्हें रेमन मैग्सेसे अवार्ड्स फाउंडेशन द्वारा 2022 रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया _________ **सोथियारा छिम, बर्नाडेट मैड्रिड, टाडाशी हटोरी, गैरी बेनचेघिब।**

**नोट:**

- सोथियारा छिम (कंबोडिया): मानसिक स्वास्थ्य के लिए।
- बर्नाडेट मैड्रिड (फिलीपींस): बाल संरक्षण प्रयास के लिए।
- टाडाशी हटोरी (जापान): वियतनाम के लोगों का इलाज करने वाले स्थानीय डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने के लिए।
- गैरी बेनचेघिब (इंडोनेशिया): समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ संघर्ष के लिए
- रेमन मैग्सेसे पुरस्कार अप्रैल 1957 में स्थापित किया गया था।

**2.** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति, बराक ओबामा ने नेटफ्लिक्स की किस डॉक्यूमेंट्री को अपनी आवाज देने के लिए एमी अवॉर्ड जीता_________ **अवर ग्रेट नेशनल पार्क।**

**नोट:**

- डॉक्यूमेंट्री पांच भागों में रिलीज की गई है, और बराक तथा मिशेल ओबामा की प्रोडक्शन कंपनी "हायर ग्राउंड" द्वारा निर्मित है।
- वह पहले ही दो ग्रैमी जीत चुके हैं और अब एक EGOT अर्थात एक एमी, एक ग्रैमी, एक ऑस्कर और एक टोनी की उपलब्धि हासिल करने से आधे रास्ते दूर है।
- ड्वाइट डी. आइजनहावर के बाद बराक ओबामा एमी जीतने वाले दूसरे अमेरिकी राष्ट्रपति हैं।

## खेल समाचार

**1.** कॉलिन डी ग्रैंडहोम, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, किस देश की क्रिकेट टीम के खिलाड़ी थे _________ **न्यूजीलैंड।**

**नोट:**

- उन्होंने 29 टेस्ट मैच में 38.70 की औसत से 1432 रन बनाए, जिसमें वेस्टइंडीज तथा दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध शतक भी शामिल हैं।
- उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 120 रन था।
- उन्होंने इसी प्रारूप में 32.95 के औसत से 49 विकेट भी लिए, जिसमें पाकिस्तान के खिलाफ पदार्पण मैच में 41 रन देकर छह विकेट शामिल हैं।

**2.** विश्व जूनियर तैराकी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला _______ **अपेक्षा फर्नांडीस।**

**नोट:**

- पेरू के लीमा में 200 मीटर महिला बटरफ्लाई मुकाबले में वह आठवें स्थान पर रहीं।
- उन्होंने आठ तैराकों के फाइनल में अंतिम स्थान हासिल करने के लिए 2:19.14 का समय लिया।
- उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जून में 2:18.39 का था, जिसे स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के पुष्टीकरण का इंतजार है।

**3.** किस टीम ने नेहरू ट्रॉफी नौका दौड़ का 68वां संस्करण जीता, जिसका आयोजन केरल के अलाप्पुझा जिले के पुन्नामादा लेक में किया गया था _________ **पल्लथुरुथी बोट क्लब।**

**नोट:**

- पल्लथुरुथी बोट क्लब के 'महादेविकाड्ड कत्तिल थेक्केथिल' ने ट्राफी जीती।
- जबकि NCDC बोट क्लब के कुमारकम के 'नादुभागम' ने दौड़ में दूसरा स्थान हासिल किया।
- पल्लथुरुथी बोट क्लब की नौका ने 1.15 किमी की दूरी 4.30.77 मिनट में तय कर खिताब अपने नाम किया।

**4.** नीदरलैंड के ज़ैंडवूर्ट में ज़ैंडवोर्ट रेसट्रैक में 2022 फॉर्मूला वन डच ग्रैंड प्रिक्स ऑटो रेस किसने जीती _________ **रेड बुल ड्राइवर, मैक्स वेर्स्टाप्पेन।**

**नोट:**

- मर्सिडीज के ड्राइवर, ब्रिटेन के जॉर्ज रसेल ने दूसरा स्थान हासिल किया जबकि फेरारी के ड्राइवर, मोनाको के चार्ल्स लेक्लर्क ने रेस में तीसरा स्थान हासिल किया।
- मर्सिडीज के ड्राइवर, लुईस हैमिल्टन चौथे स्थान पर रहे।

**5.** कुआलालंपुर में मलेशियन ऐज ग्रुप रैपिड चेस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक किसने जीता ________ **अनिष्का बियानी।**

**नोट:**

- वह धीरूभाई अंबानी स्कूल की कक्षा 1 की छात्रा है और उन्होंने अंडर -6 ओपन श्रेणी में उपलब्धि हासिल की है।
- उन्होंने युसुफगुडा, हैदराबाद में आयोजित अखिल भारतीय FIDE रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट में एक सर्वश्रेष्ठ अंडर - 7 खिलाड़ी के रूप में भी क्वालीफाई किया।

**6.** केंद्रीय गृह मंत्री, अमित शाह ने अहमदाबाद, गुजरात में ट्रांस स्टेडिया में राष्ट्रीय खेलों के किस संस्करण के लिए शुभंकर तथा गीत का शुभारंभ किया _________ **36वां।**

**नोट:**

- शुभंकर: सावज (Savaj) (गुजराती में अर्थ 'शावक')
- गीत 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के विषय पर आधारित है।
- राष्ट्रीय खेलों का आयोजन राज्य के छह शहरों अहमदाबाद, गांधीनगर, सूरत, वडोदरा, राजकोट और भावनगर में किया जाएगा।
- उन्होंने आधिकारिक वेबसाइट - www.nationalgamesgujarat.in और मोबाइल ऐप NGGujarat भी लॉन्च किया।

**7.** मुशफिकुर रहीम, जिन्होंने हाल ही में ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, किस देश के खिलाड़ी हैं __________ **बांग्लादेश।**

**नोट:**

- वह बांग्लादेश प्रीमियर लीग, खेल के अन्य दो प्रारूपों (टेस्ट तथा ODI) और अन्य ट्वेंटी-20 फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में भाग लेते रहेंगे।
- उन्होंने यह निर्णय तब लिया जब बांग्लादेश UAE में आयोजित एशिया कप में अफगानिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ अपने ग्रुप B मैच हार गया।
- उन्होंने बांग्लादेश के लिए 102 T20 मैच खेले हैं और 19.48 की औसत से 1,500 रन बनाए हैं।

**8.** मिस्टर IPL के नाम से प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर, जिन्होंने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की __________ **सुरेश रैना।**

**नोट:**

- सुरेश रैना ने अपने 13 वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट करियर में 18 टेस्ट, 226 ODI और 78 T20 में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।
- उन्होंने भारत के लिए 226 ODI मैचों में 5615 रन और 78 T20I में 1605 रन बनाए हैं।
- वह धोनी के नेतृत्व में 2011 विश्व कप तथा 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल थे।

**9.** कौन सा संगठन 2022-23 सत्र के लिए भारत में घरेलू मैदान पर आयोजित सभी अंतर्राष्ट्रीय मैचों (महिला और पुरुष दोनों), घरेलू क्रिकेट मैचों के लिए शीर्षक प्रायोजक बन गया_________ **मास्टरकार्ड।**

**नोट:**

- उद्देश्य: देश भर में क्रिकेट प्रेमियों के साथ मास्टरकार्ड के संबंध को बढ़ाना।
- मास्टरकार्ड CEO: माइकल मिबैक; मुख्यालय: न्यूयॉर्क, अमेरिका

## पुस्तकें एवं लेखक

**1.** 'डिवोर्स एंड डेमोक्रेसी: ए हिस्ट्री ऑफ पर्सनल लॉ इन पोस्ट-इंडिपेंडेंस इंडिया' पुस्तक की लेखिका _________ **सौम्या सक्सेना।**

**नोट:**

- उत्तर-उपनिवेशवाद युग में तलाक संबंधी कानूनों तथा विभिन्न धर्मों पर एक नई पुस्तक का विमोचन इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में किया गया।
- वह कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के इतिहास संकाय में एक ब्रिटिश अकादमी फेलो हैं, यह पुस्तक तलाक के साथ भारत के राज्यों के कठिन संवाद पर बात करती है, जो बड़े पैमाने पर धर्म के माध्यम से सामंजस्य स्थापित करता है।

**2.** "साइंस बिहाइंड सूर्य नमस्कार" पुस्तक के लेखक __________ **डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई कालूभाई।**

**नोट:**

- यह पुस्तक AIIA में सबसे प्रसिद्ध योग आसनों में से एक पर साक्ष्य-आधारित शोध संग्रह है।
- पुस्तक का विमोचन राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ (RAV), नई दिल्ली के सहयोग से स्वास्थ्यवृत, पंचकर्म एवं द्रव्यगुण विभागों द्वारा आयोजित सतत चिकित्सा शिक्षा (CME) कार्यक्रम 2022 के दौरान किया गया।

## विज्ञान एवं रक्षा

1. इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (CERT-In) ने 13 देशों के लिए साइबर सुरक्षा अभ्यास "सिनर्जी" की अभिकल्पना तथा आयोजन हेतु किस देश की साइबर सुरक्षा एजेंसी के साथ समझौता किया _________ **सिंगापुर।**

**नोट:**

- यह इंटरनेशनल काउंटर रैनसमवेयर इनिशिएटिव- रेजिलिएशन वर्किंग ग्रुप का एक भाग था।
- ग्रुप का नेतृत्व राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय की अगुआई में भारत कर रहा है।
- विषय: “Building Network Resiliency to counter Ransomware Attacks”।

2. संशोधित आवंटन नीति लागू करने तथा आवंटन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों का ई-आवास वेब पोर्टल किसने लॉन्च किया ________ **गृह मंत्री, अमित शाह।**

**नोट:**

- वेब-पोर्टल CAPF तथा असम राइफल्स के पात्र कर्मियों के लिए आवासीय क्वार्टरों के ऑनलाइन पंजीकरण तथा आवंटन को सक्षम बनाएगा।
- CAPF तीन प्रमुख श्रेणियों में वर्गीकृत है: सीमा सुरक्षा बल; आंतरिक सुरक्षा बल; तथा स्पेशल टास्क फोर्स

3. मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति ने किस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी और प्रोटोटाइप, फ्लाइट टेस्ट तथा प्रमाणन के साथ फाइटर जेट के डिजाइन तथा विकास के लिए 6,500 करोड़ रुपये मंजूर किए _________ **तेजस मार्क -2।**

**नोट:**

- यह आवंटन HAL को स्वीकृत मौजूदा 2500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त है।
- तेजस 2.0 में 98 किलोन्यूटन थ्रस्ट श्रेणी में अधिक शक्तिशाली GE-F414 इंजन लगा होगा और मौजूदा वर्जन की तुलना में अतिरिक्त पेलोड तथा हथियार ले जाएगा।

4. किस देश ने बेंगलुरु स्पेस एक्सपो (BSX) 2022 में भारत स्थित एक संगठन के साथ छह अंतरिक्ष उद्योग समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए _________ **ऑस्ट्रेलिया।**

**नोट:**

- HEX20 - स्काईरूट एयरोस्पेस: ऑस्ट्रेलिया की अंतरिक्ष पहल के लिए प्रक्षेपण सेवाओं, स्पेसक्राफ्ट एवियोनिक्स तथा घटक।
- QL स्पेस - स्काईरूट एयरोस्पेस: ऑस्ट्रेलिया में प्रक्षेपण केंद्रों का विकास करना और अंतरिक्ष में संयुक्त खनिज अन्वेषण मिशन में सहायता करना।
- QL स्पेस - गैलेक्सआई: हाइब्रिड ऑप्टिक और रडार पेलोड विकसित करना।
- QL स्पेस - सैटस्योर: सैटेलाइट और AI-आधारित समाधान बनाना।

5. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इन्फ्लेटेबल एयरोडायनामिक डिसेलेरेटर (IAD) के साथ एक नई तकनीक का सफल प्रदर्शन किया है, इसे किसने डिजाइन तथा विकसित किया था__________**विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC)।**

**नोट:**

- IAD मंगल तथा शुक्र सहित भविष्य के मिशनों के लिए अनेक अनुप्रयोगों के साथ एक गेम-चेंजर है।
- IAD का थुम्बा इक्वेटोरियल रॉकेट लॉन्चिंग स्टेशन से 'रोहिणी' साउंडिंग रॉकेट में सफल परीक्षण किया गया।

6. भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (NSCS) तथा यूके सरकार ने किस सिस्टम के सहयोग से 26 देशों के लिए साइबर सुरक्षा अभ्यास आयोजित किया ________ **BAE सिस्टम।**

**नोट:**

- उद्देश्य: एक देश के भीतर संगठनों को प्रभावित करने वाली एक बड़ी, व्यापक साइबर सुरक्षा घटना की अनुरूपता बनाना।
- यह इंटरनेशनल काउंटर रैनसमवेयर इनिशिएटिव- रेजिलिएशन वर्किंग ग्रुप का एक भाग है।
- इस पहल का नेतृत्व NSCS की अध्यक्षता में भारत कर रहा है।

**--------------0--------------**

BYJU'S
EXAM PREP

# Features :

- Live Classes by Top Faculty
- Comprehensive Study Material
- Daily Study Plan
- Latest Pattern Test Series
- Complete Doubt Resolution
- Regular Assessments with Report Card



byjusexamprep.com